भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं.1805

17 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (एनयूडीएम)

1805 श्री एस. निरंजन रेड्डीः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2024-25 बजट प्राक्कलन में ₹1150.02 करोड़ से वर्ष 2024-25 संशोधित प्राक्कलन में ₹108.70 करोड़ तक निधि आबंटन में कटौती के क्या कारण हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) शहरों और कस्बों द्वारा 'उपयोग' पोर्टल के माध्यम से पेश किए गए मॉड्यूलों को अपनाने और लागू करने की स्थिति क्या है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या 'उपयोग' पोर्टल के अंतर्गत मॉड्यूल अपनाने से कारोबार करने में आसानी और नागरिकों के लिए जीवनयापन में आसानी हुई है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (ग) वर्ष 2025-29 की अवधि के लिए राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (एनयूडीएम) योजना विचाराधीन है। वर्तमान वित्त वर्ष के अंतिम चरण को ध्यान में रखते हुए और वित्त मंत्रालय के फंड फ़्लो दिशानिर्देशों के अनुसरण में, संशोधित अनुमान चरण में निधियों को वर्ष 2024-25 में घटाकर 108.70 करोड़ रु. करने का अनुरोध किया गया था। अर्बन प्लेटफॉर्म फॉर डिलीरी ऑफ ऑनलाइन गवर्नेंस (उपयोग) पोर्टल के माध्यम से 22 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में शहरी सेवाओं के डिजिटलीकरण के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता योजना के अनुमोदन और योजना के शुरू होने के बाद जारी की जाएगी।

*****